The Yamuna Syndicate Limited

Regd. Office : Radaur Road, Yamuna Nagar (Haryana)

Uploaded on BSE Listing Centre
Website : http://listing.bseindia.com

HO/CS/ August 21, 2020

Manager-Department of Corporate Services,
BSE Limited,
Registered Office :Floor 25,
P J Towers, Dalal Street,
Mumbai- 400 001

Dear Sir/Madam

**Scrip Code : 540980 Scrip Id : YSL**

**Subject : Intimation of 66th Annual General Meeting of the Company through Video Conferencing/other Visual Means and Newspaper Publication in this regard**

1. This is to inform you that 66th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Thursday, September 24, 2020 at 11:30 a.m. (IST) through Video Conferencing (VC) or other Audio Visual Means (OAVM).

2. Pursuant to General Circular No. 20/2020 dated 5th May, 2020 issued by the Ministry of Corporate Affairs, read with Regulation 47, 30 and Schedule III of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of the advertisement, published in English daily news paper (Business Standard) and Hindi daily news paper at registered office Yamunanagar (Business Standard, hindi edition) on August 21, 2020, in respect of information regarding AGM of the Company.

3. Notice of AGM, Annual Report for the Financial year 2019-20 and other related information will be submitted in due course of time.

4. The Same is also being placed on the website of the Company www.yamunasyndicate.com

5. Request to take this intimation on record.

Thanking You,

Yours Faithfully,

For The Yamuna Syndicate Ltd.

(Ashish Kumar)
Company Secretary

CORPORATE IDENTITY NUMBER (CIN)
L24101HR199PLC001837

Tel : +91-1732-255475, 255479
Fax : +91-1732-251802
E-mail : ceo@yamunasyndicate.com
companysecretary@yamunasyndicate.com
cfo@yamunasyndicate.com




## KINETIC TRUST LIMITED

Registred Office: 527R, 2nd Floor, City Tower, Ludhiana, Punjab
Corporate Office: 1406, 16 Vikram Tower, Rajendra Place, New Delhi-110008

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30,2020 (Amount in Lacs)

| Sl. | PARTICULARS | QUARTER ENDED 01.04.2020-30.06.2020 Unaudited | Corresponding 3 Months ended in the previous Year 01.04.2019-30.06.2019 Unaudited | Quarter Ended 01.01.2020-31.03.2020 Audited | Previous Year Ending 31.03.2020 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations (net) | - | - | 13.31 | 13.31 |
| 2 | Net Profit / (Loss) For the period before tax (beforeExtraordinary items) | (4.27) | (2.73) | 9.67 | -2.34 |
| 3 | Net Profit / (Loss) For the period before tax (afterExtraordinary items) | (4.27) | (2.73) | 9.67 | -2.34 |
| 4 | Net Profit / (Loss) For the period after tax (afterExtraordinary items) | (4.27) | (2.73) | 9.69 | -2.32 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit / (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | (4.27) | (2.73) | 9.69 | -2.32 |
| 6 | Equity share capital @ Rs. 10/- each | 336.0 | 336.0 | 336.0 | 336.0 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year) | - | - | - | 46.36 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10 each ) (before extraordinaryitems) | | | | |
| | Basic : | (0.01) | (0.01) | 0.03 | (0.01) |
| | Diluted : | (0.01) | (0.01) | 0.03 | (0.01) |

**Notes :**
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the BSE under regulation 33 of the SEBI (Listing and other disclosure requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the Stock Exchange Website.
2. Corresponding figure of previous Period have been recast/regrouped whenever considered necessary to correspond to current period classification.
3. The above results were taken on record by the Board of Directors in their meeting held on Monday the 14th August 2020.
4. Impact of Net Profit/Loss, total Comprehensive income or any other relevant items due to changes in accounting policies - Nil.
5. Exceptional and or Extra Ordinary Items adjusted in the statement of Profit and Loss in accordance with accounting Standard -Nil.
6. Depreciation and Tax Expenses recognised on annual basis.

**FOR KINETIC TRUST LIMITED**
**Sd/-**
**Rajesh Arora**
**Director**

**Place: New Delhi**
**Date: 14th August 2020**

## HIMACHAL PRADESH
## PUBLIC WORKS DEPARTMENT
## INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer, B&R Division, HPPWD Nahan, District Sirmaur, H.P. on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the item rates bids, in electronic tendering system from the eligible class of Contractors registered with HPPWD for the works detailed in the table.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | C/o 30.00 meter Span Bridge over Pathrala Ka Khala and Khari Ka Nala on Khajurna-Bikram Bagh-Suketi-Kala Amb Road at RD 2/975 on Lump Sum Basis | 1,86,47,000/- only | 3,73,000/- only |
| 2 | Repair of Female Wards in Dr. Y. S. Parmar Govt. Medical College at Nahan (SH:- Providing Miscellaneous Repair Works etc.) | 19,41,448/- only | 37,000/- only |

**Starting Date for Downloading Bid:-** 01.09.2020
**Deadline for Submission of Bid:-** 22.09.2020 up to 10:00 AM

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

Executive Engineer
HPPWD (B&R) Division Nahan
Tel/Fax: 01702-222260 E-mail: ee-nah-hp@nic.in
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

2353/2020-2021

## THE YAMUNA SYNDICATE LIMITED

**Registered Office: Radaur Road, Yamunanagar – 135001, Haryana.**
**CIN: L24101HR1954PLC001837, Ph.: +91-1732-255479, Fax No.: +91-1732-251802**
**E-mail : companysecretary@yamunasyndicate.com, Website : www.yamunasyndicate.com**

### 66th ANNUAL GENERAL MEETING TO BE HELD OVER VIDEO CONFERENCING(VC) FACILITY

Shareholders may note that the 66th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held over video conferencing facility on **Thursday, September 24, 2020 at 11:30 A.M.** in compliance with General Circular number 20/2020 dated 5th May, 2020, General Circular number14/2020 dated 8th April, 2020, General Circular number 17/2020 dated 13th April, 2020 of Ministry of Corporate Affairs(MCA) and all other applicable laws and circulars of Government of India and the Securities and Exchange Board of India (SEBI),to transact the business that will be set forth in the Notice of the Meeting.

In compliance with the above circulars, electronic copies of the Notice of the AGM and Annual Report for the financial year 2019·20 will be sent to all the shareholders whose email addresses are registered with the Company/ Depository Participant(s). Shareholders holding shares in dematerialized mode, are requested to register their email addresses and mobile numbers with their relevant depositories through their depository participants. Shareholders holding shares in physical mode are requested to furnish their email addresses and mobile numbers with the Company's Registrar and Share Transfer Agent M/s. Alankit Assignments Limited, rta@alankit.com/ virenders@alankit.com. The notice of the 66th AGM and Annual Report for the financial year 2019-20 will also be made available on the Company's website, at www.yamunasyndicate.com, stock exchange website at www.bseindia.com and on the NSDL's website www.evoting.nsdl.com

Shareholders will have an opportunity to cast their vote through remote e-voting facility on the business as will be set forth in the Notice of the AGM through electronic voting system. The manner of remote e-voting for shareholders holding shares in dematerialized mode, physical mode and for share holders who have not registered their email addresses will be provided in the Notice to the shareholders. The details will also be made available on the website of the Company and the shareholder will be able to obtain such details from Company website www.yamunasyndicate.com

The 66th AGM Notice will be sent to the share holders in accordance with the applicable law on their registered email addresses in due course.

**By order of the Board.**
**For The Yamuna Syndicate Ltd.**
**Sd/- (Ashish Kumar)**
**Company Secretary**
**Membership No. F7846**

**Dated : 20 August, 2020**
**Place : Yamuna Nagar - 135001**

## IndusInd Bank — INDUSIND BANK LIMITED

**Hyatt Regency Complex, District Centre, Bhikaji Cama Place, New Delhi 110 066**

### PUBLIC NOTICE
**Properties exclusive mortgage change of Indusind Bank Limited**

This is to inform the General public that the below mentioned properties have exclusive mortgaged charge of Indusind Bank Ltd. to secure the loan facilities availed by Borrowers.

| Borrowers | Properties |
|---|---|
| Sandeep Gupta<br>Deepak Gupta<br>Pradeep Gupta | All that piece and parcel of Immovable Commercial property being and lying at MC#B XVI, 815(New) 577/6(Old),Gill Road, Miller Ganj, Ludhiana Land area: 136.32 Sq.yards owned by Krishan chand Gupta. |
| Rohit Enterprises | All that piece and parcel of Immovable commercial property being and lying at New Shivpuri, Village shekwal, G.T. road, Ludhiana near Amar Sweets. The property is mentioned in sale deed bearing Vasika no.20323 dated 08/02/2017 measuring 37.50 sq.yards in the name of Rohit Kumar Mittal. |

The public in general is hereby put to notice not to deal with the mortgaged properties mentioned hereinabove in any manner and any dealing with the mortgaged properties shall be subject to prior NOC from Indusind Bank Ltd..

**Authorised Signatory**
**Indusind Bank Ltd.**

## NOTICE
## KINETIC TRUST LIMITED

**Regd. Off: 527 R, City Tower, 2nd Floor, Model Town, Ludhiana, Punjab-141002.**
**Corporate Off: 1406,Vikram Tower, 16,Rajendra Place, New Delhi-110008.**

Notice is hereby given that pursuant to the applicable provisions of the Companies Act, 2013, Rulesmade there under and General Circular No. 22/2020 dated 15th June 2020 and General Circular No. 20/2020 dated 05th May 2020 read with General Circular No. 17/2020 dated 13th April 2020 and General Circular No. 14/2020 dated 08th April 2020 issued by Ministry of Corporate Affairs, and Circular Issued by Securities Exchange Board of India vide Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May 2020. Pursuant General Circular as mentioned above. Ministry of Corporate Affiars (MCA), has allowed certain classes of Companies to conduct their Annual General Meeting through video conferencing (VC) or other audio visual means (OAVM) and send financial statements (including Board's report, Auditor's report or other documents required to be attached therewith) and Notices of General Meetings to the Members only through e-mails registered with the Company or with the depository participants/depository. Further, SEBI vide Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020 has also relaxed the requirement of furnishing hard copy of Annual Reports to the Members. The Annual Report, Notice of Annual General Meeting, along with all Annexures including financial statements will also be available on the website of the companywww.ktl.co.in and on the stock exchange website at www.bseindia.com, No hard copies of the Annual Report, financial statements (including Board's report, Auditor's report or other documents required to be attached therewith) and Notices of Annual General Meeting will be made available to the members.

We urge all the shareholders who have not registered their email addresses with the Company/Depositaries to do so forthwith in order to receive all communications promptly without any disruption. Updating of correct email address in the records will help us to communicate with you effectively, especially during these challenging times.

For this purpose, we request shareholders who have not updated their email addresses and Permanent Account Number to kindly update the same by following the below mentioned link and quoting your Folio No./DP/Client ID, Certificate No., PAN, Mobile No., Email ID along with a self attested copy of your Pan Card/Aadhar/valid Passport/Share Certificate:

Process for member's registration Email ID and Bank Details:-

(I)Demat Holding: -The Members holding Equity Shares of the Company in Demat Form and who have not registered their email addresses may temporarily register the same with the Company's Registrar and Share Transfer Agent M/s Link Intime India Private Limited, by clicking on the link: https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html and follow the registration process as guided therein. In case of any query, a member may send an email to M/s Link Intime India Private Limited at rnt.helpdesk@linkintime.co.in email to: rnt.helpdesk@linkintime.co.in. It is clarified that for permanent registration of email address and Bank details in your Demat account, members are requested to approach the respective Depository Participant ('DP') and follow the process advised by DP.

(II) Physical Holding: -The Members holding Equity Shares of the Company in Physical Form and who havenot registered their email addresses and/or Bank Account details may register the same with the Company's Registrar and Share Transfer Agent M/s Link Intime India Private Limited, by clicking on the link: https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html and follow the registration process as guided therein. In case of any query, a member may send an email to M/s Link Intime India Private Limited at rnt.helpdesk@linkintime.co.in<mail to: rnt.helpdesk@linkintime.co.in>

Further, we hereby request all our shareholders who have not yet updated their bank account details to kindly update the same to facilitate electronic credit of dividend amount, as and when declared, going forward. In order to register the Bank account details in your folio, kindly contact your Depository Participant or our Registrar and Share Transfer Agent M/s Link Intime IndiaPrivate Limited.

For any queries on the above matters, shareholders of the company are requested to contact at below mentioned details:-

| | |
|---|---|
| M/s Link Intime India Private Limited,<br>Noble Heights, 1st Floor, Plot No NH-2,<br>C-1, Block, LSC, Near Savitri Market,<br>Janakpuri, New Delhi-110058<br>(Unit: Kinetic Trust Limited)<br>Mr. Bharat Bhushan. Assistant Vice-President<br>Tel: 011-49411000<br>Telefax: 011-41410591<br>Email: delhi@linkintime.co.in | Kinetic Trust Limited<br>Mr. Ved Prakash,<br>Company Secretary,<br>1406, Vikram Tower<br>Rajendra Place,<br>New Delhi-110008(Delhi)<br>Tel: 011-66402000-04,<br>Telefax: 011-25860460<br>Email: info@ktl.co.in |

For and behalf of Board of Directors of
Kinetic Trust Limited
Sd/-
Ved Prakash
Company Secreatary

Place: New Delhi
Date: August 05, 2020

## POSSESSION NOTICE

Whereas the Authorised Officer of **Asset Reconstruction Company (India) Limited** under Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act 2002, and in exercise of powers conferred under Section13 (12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued Demand Notices under Section 13 (2) of the said Act, calling upon the following borrowers to repay the amounts mentioned against their respective name together with interest thereon at the applicable rates as mentioned in the said notices, within 60 days from the date of receipt of the said Notices, along with further interest as applicable, incidental expenses, costs, charges etc. incurred till the date of payment and / or realization.

| Sr No | Loan No. / Bank Name | Borrower Name | Demand Notice Due as on/Date | Date & Type of Possession |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SHLHAMBL0000008 Shriram Housing Finance Limited (SHFL) | Mrs. Manju Rani & Mr. Dinesh Kumar | 28/12/2017 ₹ 13,75,133.83/- | 17/08/2020 Physical |
| | **Property Description:** Residential House Measuring 120 Sq.Yds Comprising in Khasra No. 40//16/2 Khewat No. 358, Ladwa, Tehsil-Ladwa, District Kurukshetra, Haryana Within of the Muncipal Limits, Ward No 7 Hinori Road Near Lord Krishna School, as per Sale Deed No. 1005 Dated 06/07/2012 and Bounded as Below: **North**-Property of Others, **South**-Property of Others, **East**-Property of Others, **West**-Passage. | | | |
| 2 | SLPHMHLI0000269 Shriram Housing Finance Limited (SHFL) | Mrs. Jaskiran Kaur & Mr. Neeraj Lamba & Mrs. Sunita Lamba | 03/05/2019 ₹ 8,35,510.62/- | 17/08/2020 Physical |
| | **Property Description:** One Commercial Shop Part of Property Bearing Property ID No 292C612U137A, Measuring 16.66 Sq. Yds Comprised in Khasra No. 12/3,4,5/2,8/1, Situated at Mauja Chandpur Now Known as Krishna Nagar, Tehsil Jagadhri, Distt Yamuna Nagar Pincode: 135001 and Bounded as Below: **North**-Street, **South**-Plot of Other, **East**-House of Sunia Lamba, **West**-Street. | | | |
| 3 | 30798549695 State Bank of India | Mr. Kulwant Singh | 11/02/2016 ₹ 6,87,984.83/- | 19/08/2020 Physical |
| | **Property Description:** Property Bearing No-4, Measuring 2 Marlas 111 Sq Feet (525 Sq Feet) Situated at Ground Floor, Shivalik Appartment Dhohi Mohalla, Jalandhar Punjab and Bounded as Below: **North**-Open Space, **South**-Open Space, **East**-Plot, **West**-Passage. | | | |

Whereas the borrowers mentioned herein above have failed to repay the amounts due, notice is hereby given to the borrowers mentioned here in above in particular and to the public in general that the Authorized Officer of Asset Reconstruction Company (India) Ltd. has taken **Physical Possession** of the properties/Secured Assets described herein above in exercise of powers conferred on him under Section 13 (4) of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on the dates mentioned above. The borrowers mentioned hereinabove in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the aforesaid properties/Secured Assets and any dealings with the said properties/Secured Assets will be subject to the charge of Asset Reconstruction Company (India) Limited. The Borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of Section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

**Place: Ludhiana**
**Date: August 21, 2020.**

**SD/-**
**Authorized Officer**
**Asset Reconstruction Company (India) Limited**

Arcil Premier ARC
**ASSET RECONSTRUCTION COMPANY (INDIA) LTD.**
**• CIN No.: U65999MH2002PLC134884 • www.arcil.co.in**
**Registered Office:-** The Ruby,10th Floor,29 Senapati Bapat Marg, Mumbai - 400028. • Tel: 022-66581300 / 399.
**Contact Address:** 404,4th Floor, Apra Tower, SCO-130 to 132, Near Basant Restaurant, Feroze Gandhi Market, Ludhiana. • Tel: 0161-4567600-04.

SBI

डेटा सेंटर्स और क्लाउड, भारतीय स्टेट बैंक, ग्लोबल आईटी सेंटर, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614.

**प्रस्ताव हेतु निवेदन**

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया अपने निजी क्लाउड – मेघदूत के लिए 3 साल की अवधि के लिए, प्रोफेशनली मैनेज्ड (व्यावसायिक तौर पर संचालित) सेवाओं के लिए सुस्थापित और पात्र कंपनियों द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित करता है। आरएफपी बैंक की वेबसाइट **www.sbi.co.in** के **प्रोक्यूरमेंट न्यूज** विभाग से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रस्ताव ऊपर निर्दिष्ट पते पर, उप महाप्रबंधक (डीसी और सी) के कार्यालय में प्रस्तुत करें। रूचि रखने वाली कंपनियाँ अपनी बोली 18 सितंबर 2020 को दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत कर सकती हैं।

हस्ताक्षर
उप महाप्रबंधक
(डेटा सेंटर्स और क्लाउड)

**स्थान:** नवी मुंबई
**दिनांक:** 21.08.2020

CANTABIL International Clothing

**कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः बी–16, ग्राउंड फ्लोर, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110035

**कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन):** L74899DL1989PLC034995

**फोनः** 91-11-27156381/82, **टेलीफैक्सः** 91-11-27156383,

**ई–मेलः** investors@cantabilinternational.com

**वेबसाइटः** www.cantabilinternational.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यताएं) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं 33 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 28 अगस्त, 2020 को दोप. 12.00 बजे बी–16 लारेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली–110035 में आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित पर विचार, अनुमोदन एवं रिकार्ड में लिया जाएगाः

1. वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए लाभांश की घोषणा पर विचार करना
2. वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए इक्विटी शेयरों पर लाभांश के भुगतान के लिए शेयरधारकों की योग्यता के निर्धारण के प्रयोजन हेतु बुक क्लोजर तिथि / रिकार्ड तिथि निर्धारित करना

बोर्ड बैठकी सूचना कंपनी की वेबसाइट www.cantabilinternational.com और बीएसई (www.bseindia.com) एवं एनएसई की वेबसाइट (www.nseindia.com) पर उपलब्ध है।

इसके अलावा, सेबी (आंतरिक व्यापार का निषेध) (संशोधन) विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुसरण में इनसाइडर द्वारा ट्रेडिंग के संचालन, निगरानी एवं रिपोर्ट के लिए कंपनी की आचार संहिता और ट्रेडिंग प्रतिबंध अवधि पर स्पष्टीकरण के संबंध में बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड से प्राप्त परिपत्र दिनांक 2 अप्रैल, 2019 के अनुसार ट्रेडिंग विन्डों पहले ही 1 जुलाई, 2020 से स्टॉक एक्सचेंजों में 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के घोषणा के बाद 48 घंटे तक बंद है।

**कृते कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**पूनम चहल**
**कंपनी सचिव सह प्रमुख–कानूनी**

**तिथिः 20 अगस्त, 2020**
**स्थानः दिल्ली**

**दि यमुना सिंडिकेट लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय : रादौर रोड़, यमुना नगर** - 135001

**CIN: L24101HR1954PLC001837, Ph.: +91-1732-255479, Fax No.: +91-1732-251802**

**E-mail : companysecretary@yamunasyndicate.com, Website : www.yamunasyndicate.com**

**वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाने वाली 66वीं वार्षिक सामान्य बैठक**

शेयरधारक नोट करें कि कम्पनी मामलो के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 20/2020, दिनांक 05 मई 2020, सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, दिनांक 08 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020 तथा अन्य लागू कानूनों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्रो के अनुपालन मे कम्पनी की 66वीं वार्षिक समान्य बैठक (एजीएम) वीडियों कांफ्रेसिंग सुविधा के माध्यम से **वीरवार 24 सितम्बर 2020 को पूर्वा, 11:30 बजे** आयोजित की जाएगी। जिसमें निष्पादित किया जाने वाला बिजनेस बैठक की सूचना मे निर्धारित किया जाएगा।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन मे एजीएम की सूचना की इलैक्ट्रानिक प्रतियां तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट सभी शेयरधारको को जिनके ई-मेल पते कम्पनी /डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं, को भेजी जाएंगी। डिमैटीरियलाज्ड रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल पते और मोबाईल नम्बर अपनी डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स के माध्यम से सम्बधित डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत करवाएं। भौतिक रूप से शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल तथा मोबाईल नम्बर कम्पनीं के रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांस्फर एजेंट मै. अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास rta@alankit.com अथवा virenders@alankit.com को प्रस्तुत करें। 66वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.yamunasyndicate.com स्टॉक एक्सचेंज वेबसाईट www.bseindia.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evotingnsdl.com पर भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

शेयरधारकों को एजीएम की सूचना में निर्धारित बिजनेस पर अपना मत इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से देने का एक अवसर होगा। दुरस्थ वोटिंग का विवरण शेयरधारक डिमैटीरियलाज्ड रूप में, भौतिक रूप में तथा उन शेयरधारकों जिन्होने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नही करवाएं है, को एजीएम की सूचना मे बताया जायेगा व जिनका विवरण कम्पनी की वेबसाईट पर भी उपलब्ध करवाया जाएगा। शेयरधारकों से अनुरोध है कि ऐसे विवरण प्राप्त करने के लिये कम्पनी की वेबसाईट www.yamunasyndicate.com देखें।

66वीं एजीएम सूचना लागू कानूनों के अनुसार उनके पंजीकृत ई-मेल पतों पर शीध्र भेजे जाएगें।

**बोर्ड आदेशनुसार**
**कृते दि यमुना सिंडिकेट लिमिटेड़**
**हस्ता/- आशीष कुमार**
**कम्पनी सचिव**
**सदस्यता नं. F7846**

**दिनांक : 20 अगस्त 2020**
**स्थान : यमुना नगर - 135001**

**NOTICE**
**KINETIC TRUST LIMITED**
**Regd. Off: 527 R, City Tower, 2nd Floor, Model Town, Ludhiana, Punjab-141002.**
**Corporate Off: 1406,Vikram Tower, 16,Rajendra Place, New Delhi-110008.**

Notice is hereby given that pursuant to the applicable provisions of the Companies Act, 2013, Rulesmade there under and General Circular No. 22/2020 dated 15th June 2020 and General Circular No. 20/2020 dated 05th May 2020 read with General Circular No. 17/2020 dated 13th April 2020 and General Circular No. 14/2020 dated 08th April 2020 issued by Ministry of Corporate Affairs, and Circular Issued by Securities Exchange Board of India vide Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May 2020. Pursuant General Circular as mentioned above. Ministry of Corporate Affiars (MCA), has allowed certain classes of Companies to conduct their Annual General Meeting through video conferencing (VC) or other audio visual means (OAVM) and send financial statements (including Board's report, Auditor's report or other documents required to be attached therewith) and Notices of General Meetings to the Members only through e-mails registered with the Company or with the depository participants/depository. Further, SEBI vide Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020 has also relaxed the requirement of furnishing hard copy of Annual Reports to the Members. The Annual Report, Notice of Annual General Meeting, along with all Annexures including financial statements will also be available on the website of the companywww.ktl.co.in and on the stock exchange website at www.bseindia.com, No hard copies of the Annual Report, financial statements (including Board's report, Auditor's report or other documents required to be attached therewith) and Notices of Annual General Meeting will be made available to the members.

We urge all the shareholders who have not registered their email addresses with the Company/Depositaries to do so forthwith in order to receive all communications promptly without any disruption. Updating of correct email address in the records will help us to communicate with you effectively, especially during these challenging times.

For this purpose, we request shareholders who have not updated their email addresses and Permanent Account Number to kindly update the same by following the below mentioned link and quoting your Folio No./DP/Client ID, Certificate No., PAN, Mobile No., Email ID along with a self attested copy of your Pan Card/Aadhar/valid Passport/Share Certificate:

Process for member's registration Email ID and Bank Details:-

(I)Demat Holding: -The Members holding Equity Shares of the Company in Demat Form and who have not registered their email addresses may temporarily register the same with the Company's Registrar and Share Transfer Agent M/s Link Intime India Private Limited, by clicking on the link: https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html and follow the registration process as guided therein. In case of any query, a member may send an email to M/s Link Intime India Private Limited at rnt.helpdesk@linkintime.co.in email to: rnt.helpdesk@linkintime.co.in. It is clarified that for permanent registration of email address and Bank details in your Demat account, members are requested to approach the respective Depository Participant ('DP') and follow the process advised by DP.

(II) Physical Holding: -The Members holding Equity Shares of the Company in Physical Form and who havenot registered their email addresses and/or Bank Account details may register the same with the Company's Registrar and Share Transfer Agent M/s Link Intime India Private Limited, by clicking on the link: https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html and follow the registration process as guided therein. In case of any query, a member may send an email to M/s Link Intime India Private Limited at rnt.helpdesk@linkintime.co.in<mail to: rnt.helpdesk@linkintime.co.in>

Further, we hereby request all our shareholders who have not yet updated their bank account details to kindly update the same to facilitate electronic credit of dividend amount, as and when declared, going forward. In order to register the Bank account details in your folio, kindly contact your Depository Participant or our Registrar and Share Transfer Agent M/s Link Intime IndiaPrivate Limited.

For any queries on the above matters, shareholders of the company are requested to contact at below mentioned details:-

| | |
|---|---|
| M/s Link Intime India Private Limited,<br>Noble Heights, 1st Floor, Plot No NH-2,<br>C-1, Block, LSC, Near Savitri Market,<br>Janakpuri, New Delhi-110058<br>(Unit: Kinetic Trust Limited)<br>Mr. Bharat Bhushan. Assistant Vice-President<br>Tel: 011-49411000<br>Telefax: 011-41410591<br>Email: delhi@linkintime.co.in | Kinetic Trust Limited<br>Mr. Ved Prakash,<br>Company Secretary,<br>1406, Vikram Tower<br>Rajendra Place,<br>New Delhi-110008(Delhi)<br>Tel: 011-66402000-04,<br>Telefax: 011-25860460<br>Email: info@ktl.co.in |

For and behalf of Board of Directors of
Kinetic Trust Limited
Sd/-
Ved Prakash
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: August 05, 2020

# चरम पर अनिश्चितता, सबसे बुरा दौर खत्म!

**अनूप रॉय**
मुंबई, 20 अगस्त

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा की गई अंतिम नीतिगत समीक्षा में यथास्थिति बनाए रखने और देखो और इंतजार करो की नीति अपनाने को लेकर सदस्यों में दुर्लभ एकजुटता नजर आई। समिति का विचार था कि धीरे -धीरे आर्थिक गतिविधियां गति पकड़ेंगी, भले ही पिछले 6 महीनों में निर्धारित 6 प्रतिशत की तुलना में महंगाई दर ऊपरी सीमा के आसपास रही है।

रिजर्व बैंक की ओर से आज जारी बैठक के ब्योरे के मुताबिक महंगाई में तेजी की मुख्य वजह पिछले 6 महीनों के दौरान खाद्य वस्तुओं की कीमतें रहीं और एमपीसी के सदस्यों ने पाया कि इसमें कमी आ रही है, हालांकि निकट भविष्य में इसमें उतार चढ़ाव की संभावना है।

मार्च में लॉकडाउन शुरू होने के हाद से नीतिगत रीपो रेट में 135 आधार अंक की कटौती के बाद सदस्यों ने रीपो रेट में कोई बदलाव न करके 4 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया और इसे समावेशी रखा है। रीपो रेट में कटौती फरवरी 2019 से हो रही है। 4 अगस्त से 6 अगस्त के बीच चली बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'घरेलू अर्थव्यवस्था का परिदृश्य बहुत ही अनिश्चित बना हुआ है। कोविड-19 का असर शुरुआती अनुमानों की तुलना में कहीं ज्यादा गंभीर है। वैश्विक अर्थव्यवस्था अति संवेदनशील हो गई है, क्योंकि सामुदायिक प्रसार बढ़ रहा है और इसके दोबारा प्रसार का डर बना हुआ है।'

दास ने कहा, 'हालांकि कुछ संकेतकों से पता चलता है कि जुलाई में कुछ हलचल हुई है, लेकिन निकट के हिसाब से परिदृश्य अभी अस्थिर बना हुआ है, जिसमें बड़ी गिरावट का जोखिम है।' दास ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में तेजी और अर्थव्यवस्था की जमीनी हकीकतों के बीच संपर्क नजर नहीं आता।

गवर्ननर ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था में थोड़ा सुधार है, लेकिन जून में रिकवरी के शुरुआती संकेत मिले हैं और उसके बाद देश में गतिविधियां बहाल हुई, जिसमें फिर गिरावट आई, जिसकी प्रमुख वजह संक्रमण के प्रसार के कारण कुछ राज्यों व शहरों में लॉकडाउन लगाया जना है।

दास ने कहा, 'कृषि क्षेत्र में उम्मीद की किरण बनी हुई है।' उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी, जबकि औद्योगिक व सेवा गतिविधियों में धीरे धीरे सुधार होगा।

### मौद्रिक नीति समिति की बैठक का आया ब्योरा




- खाद्य महंगाई रिजर्व बैंक द्वारा तय उच्चतम सीमा के आसपास रहने से समिति को चिंता
- नीतिगत दरों को लेकर सभी सदस्यों ने यथास्थिति बनाए रखने का पक्ष लिया
- वैश्विक स्तर पर कोरोनावायरस की दूसरी लहर और सामुदायिक प्रसार को लेकर बनी रही चिंता
- समिति के 3 बाहरी सदस्यों का कार्यकाल सितंबर में होगा पूरा, अक्टूबर में नए सदस्य आएंगे

बहरहाल समिति के सदस्यों को भी उम्मीद थी कि अर्थव्यवस्था संभवत: सबसे बुरे दौर से निकल चुकी है।

बाहरी सदस्य चेतन घाटे ने कहा, 'उत्पादन के नुकसान के हिसाब से देखें तो मेरा आकलन है कि सबसे बुरा दौर अब करीब हमारे पीछे छूट गया है (अगर महामारी का दूसरा झोंका नहीं आता है)।'

जुलाई 2020 में रिजर्व बैंक की ओर से कराए गए कंज्यूमर कॉन्फीडेंस सर्वे में कहा गया है कि कुल मिलाकर मौजूदा स्थिति सूचकांक ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। इसका हवाला देते हुए बाहरी सदस्य पामी दुआ ने कहा, 'साफ है कि अर्थव्यवस्था बहाल करना और कोविड-19 महामारी के असर को सीमित करना अहम है, जिसमें मौद्रिक नीति के मकसद के मुताबिक कीमतों में स्थिरता बरकरार रखने के साथ वृद्धि का मकसद ध्यान में रखा जाना चाहिए।'

बहुत ज्यादा अनिश्चितता और मौजूदा व भविष्य की व्यापक अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ विरोधाभासी साक्ष्यों के बीच बाहरी सदस्य रवींद्र ढोलकिया देश में स्टैगफ्लेशन की स्थिति को लेकर संशयात्मक बने रहे। उन्होंने कहा, 'हालांकि मौजूदा परिस्थितियां सच में अपवाद हैं, लेकिन एमपीसी का प्राथमिक लक्ष्य महंगाई को 4 प्रतिशत और ऊपरी सीमा 6 प्रतिशत तक रखने का सम्मान किया जाना चाहिए।' उन्होंनें कहा कि केंद्रीय बैंक को देखो और इंजजार करो की रणनीति अपनानी चाहिए। सितंबर में सभी 3 बाहरी सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है और अक्टूबर में नीतियों के बारे में नए 3 बाहरी सदस्यों को फैसला करना है। आंतरिक सदस्यों में कार्यकारी निदेशक मृदुल के सागर नए सदस्य थे, जिन्होंने जनकराज का स्थान लिया है।

सागर ने कहा, 'इस समय 2020-21 के लिए वृद्धि का अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन अंतिम आंकड़े आने पर कुछ आम अनुमान लग सकात है। वहीं दूसरी ओर महंगाई बढ़ सकती है।' डिप्टी गवर्नर माइकल पात्र महंगाई को लेकर निराश थे और उन्होंने आपूर्ति में व्यवधान को इसकी प्रमुख वजह बताई। माइकल पात्र ने कहा, 'परिदृश्य धूमिल है। यहां तक कि जब इसमें सुधार होगा, उम्मीद है कि उसकी रफ्तार धीमी रहेगी।'

# आर्थिक संकट से जूझ रहे मेट्रो सेवा प्रदाता

**मेघा मनचंदा और अमृता पिल्लई**
नई दिल्ली, 20 अगस्त

**बड़े** पैमाने पर तीव्र सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने वाले महामारी की मार झेल रहे हैं और उन्हें गंभीर वित्तीय दबाव, राजस्व हानि और कर्ज भुगतान करने में संकट से जूझना पड रहा है। डीएमआरसी को अब तक 1,510 करोड़ रुपये के करीब राजस्व का नुकसान हुआ है और हाल के एक पत्र के मुताबिक इसके कर्मचारियों का त्योहारी भत्ता 50 प्रतिशत कम कर दिया गया है। बहलहाल प्रभावित होने वालों में डीएमआरसी एकमात्र नहीं है, बल्कि मेट्रो सेवा का परिचालन करने वाली लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी) और रिलायंस इन्फ्रा बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, क्योंकि वे छोटे स्तर पर काम कर रही हैं और इस क्षेत्र में नई हैं।

### पटरी से उतरा राजस्व

- सेवाएं ठप होने के कारण डीएमआरसी को 1,510 करोड़ रुपये, हैदराबाद मेट्रो को 241 करोड़ रुपये, मुंबई मेट्रो वन को 135.9 करोड़ रुपये नुकसान
- डीएमआरसी ने कर्मचारियों के भत्ते अगस्त से 50 प्रतिशत घटाया, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने वेतन में 50 प्रतिशत कटौती की, एलऐंडटी ने कर्मचारियों के वेतन या भत्ते में किसी तरह की कटौती नहीं की है

वित्तीय दबाव कम करने के लिए डीएमआरसी ने अपने गैर जरूरी व्यय टाल दिए हैं। साथ ही भत्ते और अनुषंगी लाभ को अगस्त से आधा कर दिया है। बहरहाल एलऐंडटी ने अपने समूह में वेतन में कोई कटौती नहीं की है। वहीं रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के ग्रुप चेयरमैन अनिल अंबानी ने सालाना आम बैठक में कहा कि प्रबंधन और कर्मचाारी दोनों ही वेतन में 50 प्रतिशत कटौती पर सहमति जताई है।

इसके पहले डीएमआरसी ने केंद्र से अनुरोध किया था कि कर्ज का भुगतान टाला जाना चाहिए या कॉर्पोरेशन को 1,100 करोड़ रुपये कर्ज के भुगतान में कुछ राहत दी जानी चाहिए। बहरहाल दिल्ली मेट्रो ने कर्ज के भुगतान में अब तक कोई चूक नहीं की है।

वित्त वर्ष 19 में जापान इंटरनैशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) से 3,026.21 करोड़ रुपये कर्ज मिला था। डीएमआरसी ने जेआईसीए को 622.71 करोड़ रुपये कर्ज का भुगतान 2018-19 में किया और केंद्र सरकार को 440.94 करोड़ रुपये ब्याज दिया। यह जारी रखना दिल्ली मेट्रो के लिए आसान नहीं है, क्योंकि वह इस समय गंभीर वित्तीय संकट, राजस्व नुकसान और बकाये के भुगतान में अक्षमता के दौर से गुजर रही है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का परिचालन 151 दिन से ठप है और उसे 10 करोड़ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस हिसाब से अब तक दिल्ली मेट्रो को 1,510 करोड़ रुपये नुकसान हो चुका है। यह आंकड़े अभी और बढ़ने की संभावना है क्योंकि गृह मंत्रालय ने सेवाएं बहाल करने के लिए अभी हरी झंडी नहीं दी है। मेट्रो सिस्टम में राजस्व यात्रियों के किराये और गैर किराया बॉक्स कलेक्शन से आता है, जिसमें विज्ञापन और स्टेशनों पर खानपान की दुकानों व अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए जगह देने के एवज में किराये से आता है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक मंगू सिंह ने हाल ही में कहा था कि लॉकडाउन की घोषणा के पहले मेट्रो में यात्रियों की प्रतिदिन संख्या करीब 60 लाख पहुंच गई थी, जिससे मोटे तौर पर रोजाना 10 करोड़ रुपये राजस्व आता है। इसके अलावा विज्ञापन और किराये से भी राजस्व आता है।

हाल की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक डीएमआरसी ने 2018-19 में 6,461.52 करोड़ रुपये कमाए हैं, जिनमें यात्रियों के किराये, रियल एस्टेट, कंसल्टेंसी और बाहरी परियोजनाओं से हुई आमदनी शामल है। वहीं 2017-18 में दिल्ली मेट्रो को 6,210.94 करोड़ रुपये मिले थे। यातायात परिचालन से सालके दौरान 3,582.80 करोड़ रुपये कमाई हुई, जबकि कुल व्यय 2,558.56 करोड़ रुपये हुआ और परिचालन मुनाफा 1,024.24 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 19 में किराये से कुल आमदनी 3,119.02 करोड़ रुपये रही और अन्य क्षेत्रों स राजसस्व 3,342.02 करोड़ रुपये था। निजी ऑपरेटर रिलायंस इन्फ्रा (आरइन्फ्रा) की नियमित परिचालन के दौरान रोजाना का राजस्व 90 लाख रुपये था। मुंबई मेट्रो वन के परिचालन का काम 21 मार्च से रद्द है और 151 दिन से ट्रेनें खड़ी हैं। एक मोटे अनुमान से पता चलता है कि मेट्रो को अब तक 135.9 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक वेतन में कटौती वरिष्ठता पर निर्भर है और मेट्रो परियोजना के कर्मचारियों पर भी लागू है।

एलऐंडटी हैदराबाद मेट्रो का परिचालन करती है। सालाना रिपोर्ट के मुताबिक एलऐंडटी मेट्रो रेल (हैदराबाद) का परिचालन से राजस्व वित्त वर्ष 2020 में 587.28 करोड़ रुपये था, जिसमें किराये व गैर किराये दोनों से आने वाला राजस्व शामिल है। इस हिसाब से रोजाना 1.6 करोड़ रुपये राजस्व आता है। अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक 22 मार्च से परिचालन बंद होने के कारण एलऐंडटी को 241 करोड़ रुपये का अब तक नुकसान हुआ है।

# तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे को लेकर केंद्र से भिड़ा केरल

**टीई नरसिम्हन और देव चटर्जी**
चेन्नई, 20 अगस्त

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल द्वारा तीन हवाई अड्डों के निजीकरण को हरी झंडी देने के एक दिन बाद केरल सरकार ने इस मसले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का निर्णय किया है। केरल सरकार का कहना है कि तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे के लिए सबसे अधिक बोली के बराबर बोली लगाने के उसके प्रस्ताव को केंद्र से अनुमति नहीं मिली और सरकार के लोगों ने इसका विरोध किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा एकतरफा निर्णय लिया गया है, ऐसे में केरल सरकार के लिए केंद्र के इस निर्णय को क्रियान्वित करने में सहयोग देना मुश्किल होगा। उन्होंने पत्र में कहा, 'मैं आपसे (प्रधानमंत्री से) इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करता हूं ताकि निर्णय पर पुनर्विचार किया जा सके।'

केरल के वित्त मंत्री थॉमस आइजक ने कहा कि केरल सरकार के दावे को खारिज करते हुए हवाईअड्डे का निजीकरण कर अदाणी समूह के हाथों में दे दिया गया जबकि राज्य सरकार ने अदाणी के बराबर बोली की पेशकश की थी। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री कार्यालय ने केरल के प्रस्ताव को स्वीकार करने का वादा किया था लेकिन वादा तोड़ दिया गया। केरल की जनता इस सांठगांठ को स्वीकार नहीं करेगी।'

केरल में कम्युनिस्ट पार्टी के नेता पिनराई विजयन की नेतृत्व वाली वाम मोर्चा की सरकार है और विभिन्न मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के साथ टकराव होता रहा है। इसमें वस्तु एवं सेवा कर का मसला भी शामिल है।

मोदी सरकार बैंक, विमानन और हवाईअड्डा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की भूमिका को कम कर रही है, वहीं केरल सरकार कारोबार में राज्य सरकार का दखल बढ़ाने में लगी है। कोच्चि हवाईअड्डे में भी केरल सरकार ने 33 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है, बाकी हिस्सा संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों के पास है।



### अब तक की कथा

- **दिसंबर 2018 :** एएआई ने 6 हवाईअड्डों के लिए आवेदन प्रस्ताव (आरएफपी) मांगे, जिसमें प्रति यात्री अधिकतम शुल्क के मानक पर बोली
- **फरवरी 2019 :** योग्य बोलीदाता की तकनीकी व वित्तीय बोली खोली गई, अदाणी को मिले सभी हवाईअड्डे
- **मार्च 2019 :** केरल ने तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डा अदाणी को दिए जाने का विरोध किया, सबसे बड़े बोलीदाता की पेशकश के बराबर धन की पेशकश की
- **अगस्त 2020 :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सबसे ज्यादा शुल्क के मानक के आधार पर अदाणी के प्रस्ताव को हरी झंडी दी

केंद्र सरकार ने जब 2018 में हवाईअड्डों के बोली आमंत्रित की थी तब केरल सरकार ने भी बोली लगाई थी लेकिन बोली जीतने में नाकाम रही थी। बाद में उसने केंद्र से कहा था कि वह सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी (अदाणी समूह) के बराबर पेशकश कर सकती है। हालांकि केंद्र सरकार ने बुधवार को अदाणी समूह को तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डा सौंपने को मंजूरी दे दी।

मुंबई के एक वकील ने कहा, 'केंद्र सरकार ने निविदा प्रक्रिया की शर्तों के अनुसार सही निर्णय किया है। यह खुली बोली थी, और केरल सरकार के पास सबसे ऊंची बोली लगाने का अवसर था। कानून को केवल एक बोलीदाता के लिए नहीं बदला जा सकता है।'

# ब्रॉडबैंड की स्पीड पर ट्राई ने मांगी राय

**मेघा मनचंदा**
नई दिल्ली, 20 अगस्त

**भारतीय** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को मोबाइल और फिक्स्ड लाइन सेवा दोनों ही श्रेणियों में ब्रॉडबैंड की स्पीड परिभाषित करने से आम लोगों की राय मांगी है। साथ ही नियामक ने स्पीड बढ़ाने के तरीकों को लेकर भी सुझाव मांगे हैं।

ट्राई का परामर्श पत्र दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अनुरोध के बाद आया है, जिसमें नैशनल डिजिटल कम्युनिकेशंस पॉलिसी (एनडीसीपी) 2018 के तहत देश में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और ब्रॉडबैंड की स्पीड बढ़ाने के कदमों के बारे में कहा गया था।

अपने परामर्श पत्र में ट्राई ने कहा है, 'ऐसा लगता है कि डीओटी प्राधिकरण की सिफारिशें चाहता है, जिसमें फिक्स्ड और मोबाइल ब्राडबैंड, बुनियादी ढांचे के सृजन के नवोन्मेषी तरीकों ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को प्रोत्साहित करने और ब्रॉडबैंड की स्पीड बढ़ाने के तरीके सुझाए गए हों।' नियामक ने इस पर प्रतिक्रिया के लिए 21 सितंबर अंतिम तिथि तय की है।

## बीएस सूडोकू 3824

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 3 | | 8 | 7 | | | 1 |
| | | | | | | 6 | 3 | |
| | 7 | | 9 | | | 4 | | 8 |
| | | | | | | 2 | 8 | |
| | 9 | 5 | 7 | | | 1 | 6 | |
| | | 8 | 6 | | | | | |
| | 8 | 2 | 1 | | | 3 | | |
| | 1 | | | | 2 | | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | | | 9 | | | |

**परिणाम संख्या 3823**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 |

**कैसे खेलें?** हर, रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में एक से लेकर नौ तक की संख्या भरें।

**बहुत आसान** ★☆☆☆☆

## क्षेत्रीय मंडियों के भाव

### पंजाब

बंद भाव रुपये प्रति क्विंटल

**खन्ना**
जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)125, राइसब्रान (अखाद्य) 123, खल सरसों 2150, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 980, लाल 980, कंटीन्यूअस 1000, सरसों (टन) 17400, सूरजमुखी (टन) ×, अनाजः गेहूं 1840/1850, आटा (50 किलो)1075, मैदा 1175, चोकर (49 किग्रा) 890, चोकर (30 किग्रा) ×, मक्की बिहार 1250/1275

**लुधियाना**
दाल-दलहनः राजमां चित्रा 8500/9600, अरहर दाल 7600/8300, उड़द साबुत 7000/7800, उड़द धोया 7700/8400, छिलका 7500/8200, दाल मसूर 6500/7000, चनादाल 5450/5460, एग्रो प्योर बेसन (35 किग्रा.)2160, काबली चना 5000/6500, मूंग साबुत 6200/6900, मूंग धोया 7200/8000, चावलः डीबी 5000/5100, शरबती स्टीम 4100/4200,चावल 1121 सेला 5300/5400, लालकिला 11500, तेलः बिनौला 8350, चावल तेल 7700, सरसों 10600, खलः सरसों 2200/2225, बिनौला 2650/2750, डीओसीः मूंगफली 26000, सूरजमुखी ×

**अमृतसर**
चावलः बासमती (1121 नं.) स्टीम 6400/6500, सेला 5300/5400, शरबती सेला 3950/4000, शरबती स्टीम 4200/4250,चावल 1509 सेला 4600/4700, धानः शरबती 1925/1950, बासमती 1121 धान 2900/2975, धान (1509) 2300/2350, पीआर-11 नं. 1600/1625, देशी चना 5000/5200, चनादाल 5400/5600, गुड़ (क्विं): लड्डू मंगलौर 4100/4200, देशी पंजाब 4200/4300, शक्कर देशी 4250/4300, बूरा खांड 4000/4200

**बठिंडा**
रुई (प्रति मन): जे-34 पंजाब 3730/3770, हरियाणा 3700/3750, राजस्थान 3650/3700, खल (प्रति क्विं.): बिनौला 2650/2750, सरसों खल 2240/2250, गेहूं चोकर (28 किलो) 480

**फाजिल्का**
(जीएसटी अतिरिक्त): धान (1509) 2200/2260, धान मोटा 1350/1400, चावल कच्चा (आईआर-8)1900/2000, चावल सेला (आईआर-8) 1850/1900, चावल कच्चा (पीआर-11) 2550/2650, सेला (पीआर-11) 2400/2500, धान (1121) 2940/2950, सेला (1121) चावल 5350/5375, गेहूं 1740/1750, सरसों 4800/4850 रुई (प्रति मन): (जे-34) 4350/4375, कपास देशी 4650/4725, कपास नरमा (क्विं.) 5250/5350, बिनौला (टैक्सपेड): खल 2400/2500, जे-34 (चिलकी) 3300/3350

**जालंधर**
गेहूं दड़ा 1735/1745, चावल परमल कच्चा 2000/2200, से ला 2000/2050, मक्की यूपी 1380/1390, बिहार 1370/1390, दाल उड़द छिलका 8000/9400, चना देशी छना 5500/5700, दाल चना 5500/5800, काबली चना 5800/6700, राजमां चित्रा पुणे 8500/9000,चीन 9200/9400, शर्मिली 8200/8300, किरानाः जीरा 15300/18000, धनिया 8000/10700, लालमिर्च गुन्टूर-(334 नं.) 15000/16000, तेजा 20000/22000, हल्दी इरोड गट्ठा 7400/7600, निजामाबाद 8100/8500, मेवा (किलो): काजूः (320 नं.) 775/780, (210 नं.) 860/880, (240 नं.) 820/840, (180 नं.) 925/960, मखाना 525/675, गोला 16300/17200

### हरियाणा

**करनाल**
गेहूं दड़ा 1740/1760, बासमती चावल 5300/6500, धान 1121 नं. 2940/2960, पूसा 1509 धान नया 2100/2125,पुराना 2350/2400, शरबती धान 1900/1925, सेला (1509 नं.) चावल 4200/4300, सेला 1121 चावल 5300/5350, स्टीम 6400/6500, शरबती चावल सेला 3950/4000, स्टीम 4100/4250, चावल परमल कच्चा 1950/2025, सेला 1875/1925, आईआर-(8) सेला 1850/1900, चना (छना) 5400/5500, चना दाल 5500/5600

**हिसार**
ग्वार 3850/3900, जौ ×, सरसों 4600/4700, मूंग ×, गेहूं 1815/1820, नरमा कपास ×

**जींद**
जीएसटी अतिरिक्तः गेहूं 1740/1760, आटा (प्रति 44 किलो) 900/920, मैदा 1080/1100, देशी घी (एक ली/जार) 340/430,

*एनएनएस*